**दिनांक–19.01.2022 को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की अध्यक्षता में बन्दोबस्त पदाधिकारियों के साथ विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त की Virtual बैठक की कार्यवाही।**

उपस्थिति– जूम एप के अनुसार। बैठक में बन्दोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय, किशनगंज को छोड़कर शेष सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी उपस्थित। बेगूसराय एवं किशनगंज के सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) उपस्थित थे एवं उनके द्वारा बताया गया कि बन्दोबस्त पदाधिकारी अस्वस्थ्य होने के कारण बैठक में शामिल नहीं हो पाये है।

दिनांक–19.01.2022 को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप की अध्यक्षता में जिलों में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य की समीक्षात्मक बैठक बन्दोबस्त पदाधिकारियों के साथ Virtual स्वरूप में की गई। बैठक में समीक्षोपरांत दिए गए निदेश एवं निर्णय निम्नवत है:–

1. **बकाश्त भूमि का जाँच प्रतिवेदन**:– बैठक में सर्वप्रथम निदेशालय के पत्रांक–34 दिनांक–05.01.2022 के अनुपालन में विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया अंतर्गत याद्दाश्त पंजी/अधिकार अभिलेख में बकाश्त भूमि के स्वामित्व के संबंध में अमीनों द्वारा की जा रही प्रविष्टि एवं कानूनगो/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी के आदेश की जाँच संबंधी प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि अब तक मात्र मुंगेर, शेखपुरा एवं पूर्णियाँ द्वारा जाँच प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया है। बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि जिन शिविरों द्वारा खानापुरी का कार्य आरंभ किया गया है, उनमें संधारित याद्दाश्त पंजी की जाँच की जा रही है।

समीक्षोपरांत निदेश दिया गया कि प्राप्त प्रतिवेदनों में शेखपुरा के प्रतिवेदन को छोड़कर शेष प्रतिवेदन यथा तारापुर, मुंगेर के प्रतिवेदन से यह स्पष्ट नहीं होता है, बकाश्त भूमि के संबंध में क्या आदेश पारित किया गया और पारित आदेश सही था या गलत। निदेशित किया गया कि संदर्भित विषय को गंभीरता से लिए जाने की आवश्कता है एवं जाँच प्रतिवेदन में यह स्पष्ट किया जाना आवश्यक है किन–किन बिन्दुओं की जाँच की गई। चूंकि इसकी उच्चस्तरीय समीक्षा की जा रही है। अतः अविलंब एक से दो दिनों के अंदर में प्रतिवेदन निदेशालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

2. **माह दिसंबर–2021 एवं जनवरी–2022 के द्वितीय सप्ताह में प्रथम चरण अंतर्गत किए गए कार्यों के MIS प्रतिवेदन की तुलनात्मक समीक्षा** :– विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य की प्रगति की समीक्षा के क्रम में प्रथम चरण अंतर्गत चयनित अंचलों में दिसंबर–2021 एवं जनवरी–2022 के द्वितीय सप्ताह के MIS प्रतिवेदन का तुलनात्मक प्रगति प्रतिवेदन निम्नवत पाया गया:–

COMPARATIVE REPORT OF DEC.2nd WEEK TO JAN.2nd WEEK PHASE-1

| SL.NO. | District | Tri-Junction Validation | | Boundary Verification | | Boundary Updated Map's Supply | | Kishtwaar (Mauza) | | Khanapuri (Mauza) | | Form-6 Entry in Software (Completed Mauza) | | LPM & Form-7 Distribution (Mauza) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Dec 2nd week | Jan 2nd week | Dec 2nd week | Jan 2nd week | Dec 2nd week | Jan 2nd week | Dec 2nd week | Jan 2nd week | Dec 2nd week | Jan 2nd week | Dec 2nd week | Jan 2nd week | Dec 2nd week | Jan 2nd week |
| | | 1 | 2 | 3 | 4 | | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | ARARIA (156) | 408 | 479 | 31 | 50 | 31 | 30 | 1 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | ARWAL(316) | 309 | 344 | 41 | 59 | 13 | 25 | 3 | 10 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | BANKA (310) | 546 | 774 | 116 | 277 | 29 | 105 | 6 | 30 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | BEGUSARAI (440) | 932 | 974 | 175 | 221 | 154 | 166 | 121 | 133 | 61 | 67 | 48 | 49 | 45 | 51 |
| 5 | JAMUI (155) | 436 | 373 | 137 | 145 | 90 | 111 | 20 | 32 | 3 | 4 | 2 | 3 | 0 | 0 |
| 6 | JEHANABAD (253) | 373 | 435 | 85 | 108 | 27 | 41 | 2 | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | KATIHAR (185) | 322 | 284 | 74 | 114 | 43 | 61 | 18 | 32 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | KHAGARIA (163) | 185 | 217 | 11 | 28 | 7 | 11 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | KISHANGANJ (459) | 402 | 509 | 23 | 75 | 5 | 12 | 2 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | LAKHISARAI (412) | 613 | 550 | 144 | 152 | 91 | 100 | 64 | 84 | 31 | 36 | 30 | 34 | 26 | 27 |
| 11 | MADHEPURA (115) | 339 | 342 | 103 | 114 | 56 | 77 | 4 | 25 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 12 | MUNGER (324) | 772 | 772 | 323 | 323 | 322 | 322 | 179 | 207 | 83 | 92 | 32 | 45 | 38 | 27 |
| 13 | NALANDA (415) | 1178 | 1025 | 405 | 410 | 393 | 397 | 117 | 140 | 10 | 15 | 11 | 15 | 6 | 9 |
| 14 | PURNIA (110) | 191 | 204 | 56 | 93 | 44 | 56 | 9 | 17 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 15 | SAHARSA (130) | 431 | 443 | 130 | 130 | 80 | 90 | 0 | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 16 | SHEIKHPURA (314) | 981 | 906 | 297 | 284 | 243 | 254 | 124 | 136 | 40 | 45 | 33 | 41 | 19 | 21 |
| 17 | SHEOHAR (80) | 215 | 243 | 21 | 45 | 9 | 34 | 1 | 6 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 18 | SITAMARHI (254) | 364 | 463 | 53 | 87 | 20 | 39 | 1 | 10 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | SUPAUL (251) | 699 | 631 | 192 | 232 | 106 | 128 | 42 | 56 | 27 | 27 | 11 | 13 | 11 | 11 |
| 20 | W. CHAMPARAN (290) | 677 | 738 | 265 | 290 | 265 | 290 | 86 | 125 | 3 | 11 | 2 | 2 | 1 | 2 |
| Total:- | | 10373 | 10706 | 2682 | 3237 | 2028 | 2349 | 800 | 1071 | 258 | 299 | 169 | 203 | 146 | 148 |

प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा में त्रि–सिमाना सत्यापन में जमुई, कटिहार, लखीसराय एवं शेखपुरा की प्रगति अधिक की जगह कम पाई गई। लखीसराय, सुपौल एवं कुछ अन्य जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि MIS प्रतिवेदन में कुल ग्रामों की संख्या और त्रि–सिमाना सत्यापन आंकड़ा में त्रुटि है, लखीसराय द्वारा बताया गया कि जनवरी माह तक सभी 669 त्रि–सिमानों का सत्यापन पूर्ण कर लिया गया है। शेखपुरा द्वारा बताया गया कि केवल वैसे गांव जो अर्न्तजिला सीमा पर अवस्थित हैं, उनको छोड़कर शेष ग्रामों के त्रि–सिमाना एवं ग्राम–सीमा सत्यापन का काम पूरा कर लिया गया है। अनेक जिलों द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि उनके द्वारा प्रथम चरण के सभी ग्रामों में त्रि–सिमाना एवं ग्राम सीमा सत्यापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

निदेशित किया गया कि सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी MIS प्रतिवेदन में निर्धारित बिन्दुओं के अनुसार शिविरवार प्रतिवेदन प्राप्त कर अलग से Excel Format में निदेशालय को उपलब्ध करायेंगे ताकि विशेष सर्वेक्षण कर्मियों द्वारा सीधे MIS में भरे गए प्रतिवेदन से उसका मिलान किया जा सके। बैठक में शामिल प्रभारी, आई0टी0 सेल को निदेश दिया गया कि त्रि–सिमाना सत्यापन एवं ग्राम सीमा सत्यापन में जिन जिलों द्वारा कार्य पूर्ण कर लिया गया है, उन्हें Dark Green तथा जिनके यहाँ प्रगति पर है, उन्हें Light Green से MIS में प्रदर्शित किया जाए। सभी बन्दोबस्त पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि आगामी एक माह के अन्दर त्रि–सिमाना एवं ग्राम सीमा सत्यापन का कार्य पूर्ण कर लिया जाए ताकि इस बिन्दु को MIS प्रतिवेदन से अलग किया जा सके।

3. <u>किस्तवार एवं खानापुरी की समीक्षा</u> :– किस्तवार एवं खानापुरी कार्य की माह–दिसंबर–2021 एवं जनवरी–2022 की तुलनात्मक प्रगति और MIS प्रतिवेदन की समीक्षा में पाया गया कि पश्चिमी चम्पारण, जमुई, नालंदा एवं खगड़िया किस्तवार पूर्ण ग्रामों में खानापुरी कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं है। जमुई एवं अन्य जिलों द्वारा बताया गया कि ग्रामों में खेसरों की संख्या अधिक होने के कारण खानापुरी कार्य पूर्ण करने में विलंब हो रहा है। मधेपुरा जिला द्वारा बताया गया कि 25 ग्रामों में किस्तवार का कार्य पूर्ण हुआ है लेकिन हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा मात्र 01 ग्राम का मानचित्र अपडेट कर उपलब्ध कराया गया है। बन्दोबस्त पदाधिकारी, पूर्णियाँ द्वारा बताया गया कि पूर्णियाँ जिला में अधिकांश ग्रामों के क्षेत्र में प्रतिबंधित होने के कारण एजेंसी द्वारा उसका मानचित्र नहीं दिया गया है और उनकी ग्राम–सीमा का सत्यापन भी नहीं किया जा सका है। लखीसराय द्वारा बताया गया कि कि उनके स्तर से सभी ग्रामों की सीमा निर्धारण का कार्य पूर्ण कर मोन्यूमेंटेशन की सारी तैयारी कर ली गई है लेकिन हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा D.G.P.S Observation का सत्यापन प्रतिवेदन नहीं दिया जा रहा है। जिस कारण प्रगति अवरूद्ध है। IIC, हवाई सर्वेक्षण एजेंसी से कारण पृच्छा किए जाने पर उनके द्वारा बताया गया कि Ortho-co-ordinate उपलब्ध कराया जा सकता है, किन्तु Monumentation का D.G.P.S Observation दिया जाना वर्त्तमान में संभव नहीं है।

निदेशित किया गया कि खानापुरी कार्य में विलंब के कारणों का विश्लेषण किया जाए। साथ ही अमीनों के लिए प्रतिदिन किस्तवार एवं खानापुरी का कार्य पूर्ण करने हेतु खेसरों की संख्या का लक्ष्य निर्धारित किया जाए। जिन ग्रामों में सीमा सत्यापन का कार्य पूर्ण हो चुका है, उनमें हवाई सर्वेक्षण एजेंसी से यथाशीघ्र अपडेटेट मानचित्र प्राप्त कर किस्तवार का कार्य निर्धारित समय–सीमा के अन्दर पूर्ण किया जाए एवं जिन ग्रामों में किस्तवार पूर्ण हो चुका है, वहाँ खेसरों की संख्या के अनुसार खानापुरी का कार्य पूर्ण करने की निश्चित समय–सीमा निर्धारित की जाए। हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, IIC को निदेश दिया गया कि पूर्णियाँ जिला अंतर्गत प्रतिबंधित क्षेत्रों के मानचित्रों को HRSI तकनीक से तैयार करने का निदेश निदेशालय स्तर से निर्गत किया जा चुका है, किंतु अब तक इस संबंध में एजेंसी द्वारा कार्रवाई नहीं किया जाना अत्यंत खेदजनक है। साथ ही यह भी निदेश दिया गया कि इस संबंध में किसी भी तरह की कठिनाई है तो निदेशालय के साथ संपर्क स्थापित कर उसे अविलंब दूर किया जाए एवं प्रतिबंधित क्षेत्रों के मानचित्रों को यथाशीघ्र तैयार किया जाए।

4. <u>प्रपत्र–6, एल0पी0एम0 वितरित एवं प्रारूप प्रकाशन की समीक्षा</u> :– समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जिन ग्रामों में खानापुरी का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, वहाँ के प्रपत्र–6 की भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में प्रविष्टि का कार्य लंबित है। खानापुरी पूर्ण राजस्व ग्रामों में बेगूसराय में 67 एवं 49, नालंदा में 92 में 45, सुपौल में 27 में 13 एवं पश्चिमी चम्पारण में 11 में मात्र 2 ग्रामों के प्रपत्र–6 को भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में संधारित किया गया है।

निदेशित किया गया कि जिन ग्रामों में भी प्रपत्र–6 को तैयार कर लिया गया है, उन्हें अविलंब भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में संधारित करना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही इन ग्रामों में खानापुरी पर्चा एवं एल0पी0एम0 वितरण का कार्य भी यथाशीघ्र समाप्त किया जाए। साथ ही यह भी निदेशित किया गया कि सर्वे कार्य के लिए बनाए गए एवं Bihar Survey Tracker का प्रतिदिन अवलोकन कर इस बात की समीक्षा अवश्य की जाए कि अत्यंत कम खेसरों वाले राजस्व ग्रामों में

प्रारूप प्रकाशन के बाद सुनवाई आदि कार्यों की क्या स्थिति है और उनके अंतिम प्रकाशन क्या–क्या बाधाएँ है, इस बात की समीक्षा अवश्यक की जाए। जिन शिविरों में विशेष सर्वेक्षण का कार्य चल रहा है, उनमें 100 अथवा 500 से कम खेसरा वाले ग्राम कितने हैं और उनमें किस्तवार, खानापुरी इत्यादि का कार्य समाप्त करने में कितना समय लग रहा है। प्रारूप प्रकाशित ग्रामों में प्रारूप प्रकाशन के बाद नियमावली द्वारा निर्धारित समय–सीमा के अन्दर अंतिम अधिकार–अभिलेख एवं मानचित्र के प्रकाशन का कार्य पूर्ण कर लिया जाए। बेगूसराय जिले के प्रपत्र–6 एवं एल0पी0एम0 के वितरण संबंधी प्रतिवेदन में विरोधाभास (एल0पी0एम0 वितरित राजस्व ग्रामों की संख्या–51 एवं प्रपत्र–6 की प्रविष्टि–49) के संबंध में पृच्छा की गई एवं निदेशित किया गया कि प्रतिवेदनों को समर्पित किए जाने के पूर्व बन्दोबस्त पदाधिकारी के स्तर से प्रतिवेदन की समीक्षा निश्चित रूप से कर ली जाए ताकि तुलनात्मक एवं प्रक्रमवार प्रगति में किसी तरह का विरोधाभास उत्पन्न नहीं हो।

5. <u>द्वितीय चरण में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा</u> :– विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य की प्रगति की समीक्षा के क्रम में द्वितीय चरण अंतर्गत माह–दिसंबर–2021 एवं जनवरी–2022 के द्वितीय सप्ताह के MIS प्रतिवेदन का तुलनात्मक प्रगति प्रतिवेदन निम्नवत पाया गयाः–

**COMPARATIVE REPORT OF DEC.2nd WEEK TO JAN.2nd WEEK** — **PHASE-2**

| SL.NO. | District | Mauza | Village Tagging | | List of Govt. and Settled Land | | Khatiyan & Map Availability | | Gram Sabha (As per Technical Guideline) | | Form-1 Upload in Software | | Form-2 &3(1) Upload in Software | | Khatiyan Writing (Rule 9 (1) (Completed Mauza) | | Form-5 Software Entry (Completed Mauza) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | DEC. 2nd WEEK | JAN.2nd WEEK | DEC. 2nd WEEK | JAN.2nd WEEK | DEC. 2nd WEEK | JAN.2nd WEEK | DEC. 2nd WEEK | JAN.2nd WEEK | DEC. 2nd WEEK | JAN.2nd WEEK | DEC. 2nd WEEK | JAN.2nd WEEK | DEC. 2nd WEEK | JAN.2nd WEEK | DEC. 2nd WEEK | JAN.2nd WEEK |
| | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 1 | ARARIA | 587 | 178 | 178 | 48% | 48% | 02.4% | 02.4% | 117 | 138 | 164 | 166 | 4830 | 10383 | 130 | 127 | 118 | 130 |
| 2 | BANKA | 966 | 361 | 966 | 55% | 55% | 67.9% | 67.9% | 229 | 361 | 229 | 603 | 101 | 386 | 220 | 377 | 203 | 361 |
| 3 | BEGUSARAI | 601 | 595 | 601 | 50% | 50% | 21.5% | 21.5% | 245 | 232 | 472 | 421 | 0 | 0 | 254 | 236 | 184 | 200 |
| 4 | JAMUI | 148 | 148 | 148 | 50% | 50% | 89.1% | 89.1% | 148 | 148 | 148 | 148 | 169 | 1225 | 120 | 125 | 96 | 111 |
| 5 | JEHANABAD | 331 | 331 | 331 | 95% | 95% | 79.0% | 79.0% | 299 | 302 | 301 | 303 | 7336 | 12032 | 272 | 284 | 187 | 193 |
| 6 | KATIHAR | 1362 | 1362 | 1362 | 80% | 80% | 99.7% | 99.7% | 173 | 143 | 1357 | 1207 | 3385 | 3450 | 240 | 321 | 146 | 207 |
| 7 | KHAGARIA | 108 | 108 | 108 | 50% | 50% | 75.6% | 75.6% | 64 | 64 | 107 | 107 | 1582 | 2408 | 41 | 42 | 40 | 41 |
| 8 | KISHANGANJ | 311 | 311 | 311 | 75% | 75% | 84.9% | 84.9% | 310 | 282 | 310 | 282 | 293 | 263 | 279 | 250 | 211 | 205 |
| 9 | LAKHISARAI | 53 | 53 | 53 | 80% | 90% | 99.1% | 99.1% | 53 | 53 | 53 | 53 | 4480 | 5558 | 52 | 52 | 52 | 52 |
| 10 | MADHEPURA | 260 | 47 | 260 | 60% | 60% | 100.0% | 100.0% | 54 | 75 | 226 | 260 | 6573 | 10418 | 174 | 190 | 103 | 101 |
| 11 | MUNGER | 469 | 450 | 450 | 70% | 70% | 72.5% | 72.5% | 309 | 344 | 435 | 415 | 5468 | 5711 | 231 | 238 | 154 | 182 |
| 12 | NALANDA | 631 | 394 | 631 | 52% | 52% | 56.7% | 56.7% | 35 | 103 | 382 | 571 | 45 | 45 | 306 | 328 | 283 | 307 |
| 13 | PURNIA | 1190 | 81 | 1190 | 44% | 60% | 0.0% | 0 | 0 | 11 | 81 | 54 | 68 | 350 | 37 | 21 | 37 | 21 |
| 14 | SAHARSA | 345 | 85 | 345 | 50% | 90% | 27.8% | 27.8% | 85 | 221 | 85 | 321 | 46 | 1410 | 23 | 23 | 21 | 35 |
| 15 | SHEOHAR | 116 | 116 | 116 | 97% | 97% | 98.4% | 98.4% | 116 | 116 | 116 | 116 | 23377 | 32365 | 116 | 116 | 116 | 116 |
| 16 | SITAMARHI | 591 | 165 | 570 | 65% | 65% | 100.0% | 100.0% | 165 | 165 | 165 | 489 | 1424 | 6308 | 165 | 165 | 110 | 133 |
| 17 | SUPAUL | 297 | 297 | 297 | 90% | 90% | 63.9% | 63.9% | 0 | 0 | 243 | 243 | 0 | 0 | 179 | 200 | 173 | 192 |
| 18 | W.CHAMPARAN | 1178 | 1178 | 1178 | 90% | 90% | 99.7% | 99.7% | 293 | 286 | 635 | 492 | 8615 | 7494 | 277 | 257 | 208 | 224 |
| Total | | 9544 | 6260 | 9095 | | | | | 2695 | 3044 | 5509 | 6251 | 67801 | 99776 | 3116 | 3352 | 2442 | 2811 |

उपर्युक्त समीक्षा से स्पष्ट हुआ कि सहरसा, खगड़िया में प्रपत्र–5 के संधारण एवं भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में प्रविष्टि का कार्य बाधित है। बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि विगत खतियान की अनुपलब्धता के कारण कार्य बाधित है एवं जिन ग्रामों का खतियान उपलब्ध था, उनके प्रपत्र–5 का संधारण कर सॉफ्टवेयर में प्रविष्टि कराने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अनुपलब्ध खतियान के संबंध में अंचल स्तर से प्रतिवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो पा रही है। किशनगंज, जहानाबाद, पूर्णियाँ जिले के प्रतिवेदन में पाया गया कि जिला स्तर पर प्रथम चरण में किस्तवार, खानापुरी कार्य के साथ–साथ द्वितीय चरण में खतियानी विवरणी तैयार करने का कार्य भी नहीं किया गया है।

अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना द्वारा निदेशित किया गया कि अनुपलब्ध खतियान की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए बन्दोबस्त कार्यालय द्वारा आम रैयतों से संपर्क स्थापित कर सार्थक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। बताया गया कि प्राप्त जानकारी के अनुसार सहरसा में अनेक ऐसे रैयत हैं, जिनके पास पूर्व का खतियान उपलब्ध है। बन्दोबस्त कार्यालय के स्तर से कागजी कार्रवाई के स्थान पर व्यावहारिक कार्रवाई की जाने की आवश्यकता है।

**जिला स्तर पर विशेष सर्वेक्षण कार्य की प्रगति को देखते हुए अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना द्वारा निम्नांकित निदेश दिए गएः–**

(i) बन्दोबस्त पदाधिकारी के स्तर से यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी विशेष सर्वेक्षण कर्मी अपने कार्य क्षेत्र अंतर्गत निवास करते है। जहानाबाद एवं अरवल के विशेष संदर्भ में बताया गया कि इस प्रकार की सूचनाएँ प्राप्त हुई है कि अधिकांश कर्मी अपने जिलों में नहीं रहते है। सभी विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के स्थानीय आवासीय पता का सत्यापन कर एक से दो दिनों के अंदर में प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाए। सत्यापन में गलत पाए गए कर्मियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए।

(ii) सभी विशेष सर्वेक्षण कर्मियों की अधिकतम उपयोगिता सुनिश्चित की जाए। सतत् एवं सघन अनुश्रवण द्वारा प्रत्येक कर्मी द्वारा प्रतिदिन किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा की जाए। जो कर्मी निर्धारित लक्ष्य के अनुसार कार्य नहीं करते है तो उनके संबंध में "कार्य नहीं तो वेतन नहीं" सिद्धांत अपनाया जाए। यह भी बताया गया कि भू–सर्वेक्षण का कार्य एक सामुहिक उत्तरदायित्त्व है। अतः इसमें जो कर्मी कार्य करने में सक्षम नहीं है, उनकी सेवाएँ नियमित नहीं रखी जा सकती है।

(iii) निदेशालय स्तर पर बनाए गए **C.V.M.S (Camp Visit Monitoring System)** का अनुपालन करते हुए विशेष सर्वेक्षण शिविरों का विश्लेषणात्मक पर्यवेक्षण करना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सूचनातंत्र को प्रभावशाली बनाते हुए प्रत्येक कर्मी द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं आचरण की पूरी जानकारी प्राप्त की जाए ताकि सर्वेक्षण कार्य में भ्रष्ट आचरण परंपरा विकसित नहीं हो।

(iv) विशेष सर्वेक्षण से संबंधित अंचल स्तरीय कार्यों के लिए इस माह के अंत तक अंचल अधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता एवं अपर समाहर्त्ता के साथ बैठक करना सुनिश्चित किया जाए। बैठक के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के स्तर से पत्र निर्गत किया जाए एवं बैठक के लिए एजेंडा का निर्धारण पूर्व से ही कर लिया जाए।

(v) बकाश्त भूमि से संबंधित जाँच प्रतिवेदन अविलंब समर्पित किया जाए।

(vi) विशेष सर्वेक्षण कार्य अंतर्गत सुनवाई की प्रक्रिया का सूक्ष्मता से पर्यवेक्षण किया जाए एवं सॉफ्टवेयर के माध्यम से आदेशों को पढ़कर उनकी समीक्षा की जाए।

(vii) हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के कार्यकलापों के संबंध में जिन जिलों में हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के कारण विशेष सर्वेक्षण का कार्य बाधित हो रहा है, वहाँ एजेंसी के कार्यकारियों के संबंध में विस्तृत समीक्षात्मक प्रतिवेदन निदेशालय को उपलब्ध कराया जाए।

6. <u>हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के कार्यों की समीक्षा</u> :– समीक्षा के क्रम में हवाई सर्वेक्षण एजेंसी IEISL (IL&FS) को आवंटित जिले मुंगेर, शेखपुरा एवं नालंदा के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि एजेंसी द्वारा E.T.S कर्मी उपलब्ध कराए जाने के साथ–साथ अपडेटेड मानचित्रों की आपूर्ति ससमय की जा रही है।

हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, GISC के बारे में सहरसा एवं बांका के बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि उनके यहाँ क्रमशः 130 में 90 एवं 269 में 65 मानचित्रों को अपडेट कर एजेंसी द्वारा वापस किया गया है। मधेपुरा के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि एजेंसी द्वारा खेसरावार Parent Child Relationship Statement उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है एवं विगत सर्वेक्षण के मानचित्र की सॉफ्ट प्रति की आवश्यकता है। एजेंसी के प्रतिनिधि द्वारा स्पष्ट किया गया कि एजेंसी के स्तर से आवंटित कुल 06 जिलों में से 04 में क्षेत्रीय कार्यों को पूरा कर लिया गया है एवं अपडेट करने वाले मानचित्रों की बड़ी संख्या में एक साथ प्राप्त होने के कारण अपडेट की कार्रवाई में विलंब हो रहा है। 10 दिनों के अंदर में सहरसा के सभी मानचित्रों को अपडेट कर दिया जाएगा। साथ ही मधेपुरा में विगत सर्वेक्षण के मानचित्र की सॉफ्ट प्रति उपलब्ध करा दी जाएगी।

हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, IIC के संबंध में कटिहार, लखीसराय, अरवल, जहानाबाद एवं सीतामढ़ी के बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के असहयोगत्मक रवैये एवं संसाधनों को ससमय उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य की प्रगति बाधित हो रही है। एजेंसी द्वारा अपडेटेड मानचित्रों की आपूर्ति ससमय नहीं किए जाने के कारण प्रक्रमवार किया जाने वाले यथा किस्तवार, खानापुरी का कार्य बाधित हो रहा है। अरवल एवं लखीसराय द्वारा एजेंसी के कार्यकलापों के प्रति पूर्णतया असंतोष व्यक्त किया गया।

निदेशित किया गया कि हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, IIC के संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन निदेशालय को उपलब्ध कराया जाए। साथ ही अब तक एजेंसी द्वारा जो भी संसाधन उपलब्ध कराए गए है, उसके सापेक्ष कर्मियों द्वारा क्या कार्य किया गया है एवं एजेंसी के संसाधन एवं कर्मियों की अधिकतम उपयोगिता सुनिश्चित की गई है अथवा नहीं इसका समीक्षात्मक प्रतिवेदन भी उपलब्ध कराया जाए।

7. <u>अन्यान्य</u> :– निदेशित किया गया कि विशेष सर्वेक्षण कार्य में सुनवाई की प्रक्रिया में पारित किए जाने वाले आदेशों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए शिविर प्रभारी एवं कानूनगो को सुझाव उपलब्ध कराए जाए। साथ ही ऑनलाईन संधारित किए जा रहे अमीन डायरी में भरी हुई प्रविष्टियों की प्रतिदिन समीक्षा कर अर्थहीन प्रविष्टियों एवं कार्य के संबंध में दिए गए विवरण के आलोक में अमीनों से पृच्छा की जाए।

विशेष सर्वेक्षण कर्मियों की स्थापना संबंधी कार्यों के लिए बनाए गए R2R सॉफ्टवेयर के संबंध में निदेशित किया गया कि बहुत कम अवधि के लिए कर्मियों को Revert, Tagging एवं Transfer नहीं किया जाए।

अररिया के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि बेल्ट्रॉन के कम्प्यूटर ऑपरेटर को सितंबर–2021 से वापस ले लिया गया है, जिस कारण बन्दोबस्त कार्यालय का कार्य बाधित हो रहा है। आई0टी0 सेल के श्री अभितोष कुमार, प्रोग्रामर द्वारा सभी बन्दोबस्त पदाधिकारियों से अनुरोध किया गया कि MIS Report के लिए निर्धारित की गई तिथि के पूर्व ही प्रतिवेदन संधारित करने का निदेश विशेष सर्वेक्षण कर्मियों को दिया जाए। बन्दोबस्त पदाधिकारी, मधेपुरा द्वारा बताया गया कि MIS Reporting में पासवर्ड Change करने की सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण कुछ कर्मियों के द्वारा शरारत पूर्ण तरीके से दूसरे कर्मियों के संबंध में गलत प्रविष्टि कर दी जाती है। बांका के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा मोन्यूमेंटेशन के बारे में आवंटन की मांग की गई। जमुई, लखीसराय एवं सीतामढ़ी एवं कुछ अन्य जिलों द्वारा नियमित सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी के पदस्थापन का अनुरोध किया गया।

आई0टी0 सेल को निदेशित किया गया कि MIS Reporting में पासवर्ड Change करने का प्रावधान कर दिया जाए। अररिया में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पदस्थापन के संबंध में निदेशालय के संबंधित सहायक को कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

**निदेशक** 22/1/22
भू–अभिलेख एवं परिमाप
बिहार, पटना।

**ज्ञापांक:** 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84/2019........166.......................**पटना, दिनांक:** 22-01-2022

**प्रतिलिपि:**– बन्दोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, प0 चम्पारण, जमुई, मुंगेर, नालंदा, शिवहर, बांका, अरवल एवं शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक,** 22/1/22
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Sanjeev-2022\Birendra kumar_Aso\Proceeding\Proceeding_19.01.2022_1.docx

ज्ञापांक: 17—विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)—84 / 2019............166...............पटना, दिनांक:22-01-2022

**प्रतिलिपिः**— अपर समाहर्त्ता—सह—प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त / सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, प0 चम्पारण, जमुई, मुंगेर, नालंदा, शिवहर, बांका, अरवल एवं शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक, 22/1/22
भू—अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक: 17—विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)—84 / 2019..........166....................पटना, दिनांक:22-01-2022

**प्रतिलिपिः**— श्री अनिल कुमार सिंह, अनुदेशक, चकबन्दी निदेशालय / सहायक निदेशक, भू—अर्जन निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक, 22/1/22
भू—अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक: 17—विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)—84 / 2019...........166..................पटना, दिनांक:22-01-2022

**प्रतिलिपि** :— जिलों से संबंधित तीनों हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

निदेशक, 22/1/22
भू—अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक: 17—विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)—84 / 2019.........166.......................पटना, दिनांक:22-01-2022

**प्रतिलिपिः**— सहायक निदेशक / प्रशाखा पदाधिकारी, भू—अभिलेख एवं परिमाप / प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग शाखा / निदेशालय स्तर के सभी जिलों के नोडल पदाधिकारी / प्रभारी, आई0टी0सेल, भू—अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक, 22/1/22
भू—अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक: 17—विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)—84 / 2019......166.........................पटना, दिनांक:22-01-2022

**प्रतिलिपिः**— श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू—अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक, 22/1/22
भू—अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक: 17—विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)—84 / 2019........166.........................पटना, दिनांक:22-01-2022

**प्रतिलिपिः**— अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक, 22/1/22
भू—अभिलेख एवं परिमाप